# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर 453771

**Phone : 0731-2811189, Email – sanchi13a@gmail.com**

## अल्प कालीन ई-निविदा सूचना

### सॉची पार्लर/बूथ डेंटिंग-पेंटिंग एवं लिखाई संबंधी ई-निविदा सूचना

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर द्वारा दुग्ध संघ कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सॉची पार्लरों/बूथ डेंटिंग–पेंटिंग एवं लिखाई कार्य हेतु ऑनलाईन दरें आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संबंधी जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की वेब साइट www.mpcdf.gov.in पर देखा जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य रू. 500/- का Online भुगतान कर वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 22-03-2021 दोपहर 01:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। निविदा ऑफर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर के पास सुरक्षित रहेगा। इस निविदा सम्बन्धी कोई संशोधन होता है तो वह उपर वर्णित वेबसाईट के अलावा अन्यंत्र कहीं भी प्रकाशित नहीं की जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**सॉची दूध व डेयरी उत्पाद एवं मिठाईयॉ शुद्ध, मिलावट रहित**

आवेदन मूल्य रू. – **500.00**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

# संघ कार्यक्षेत्र अन्तर्गत पार्लर/बूथ डेंटिंग–पेंटिंग एवं लिखाई कार्य संबंधी ई–निविदा प्रपत्र वर्ष 2021–2022

**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर**
चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर 453771
**Phone : 0731-2811189 Email – sanchi13a@gmail.com**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

## ई-निविदा विवरण

## पार्लर/बूथ डेंटिंग-पेंटिंग एवं लिखाई कार्य हेतु ई-निविदा विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा ऑन–लाईन क्रय करने की अंतिम तिथि एवं समय | **दिनांक 22.03.2021 दोपहर 12.00 बजे तक** |
| 2 | ई–निविदा ऑन–लाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | **दिनांक 22.03.2021 दोपहर 01.00 बजे तक** |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **दिनांक 23.03.2021 दोपहर 02.00 बजे** |
| 4 | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | **रू. 500/– (पॉच सौ रूपये मात्र)** |
| 5 | ई–निविदा के साथ जमा की जाने वाली ई. एम.डी. राशि | **रू. 30000.00/– (रू. तीस हजार रू. मात्र)** |
| 6 | तहनीकी अर्हताऐं का प्रारूप एवं आवश्यक सामान्य शर्ते | **प्रपत्र 01 (परिशिष्ट अ), प्रपत्र 02 (परिशिष्ट ब)** |
| 7 | तकनिकी अर्हता/भाव पत्र/दरें प्रस्तुत करने का प्रारूप | **प्रपत्र 03 (परिशिष्ट स), प्रपत्र 04 (परिशिष्ट द)** |
| 9 | ई–निविदा खोलने का स्थान एवं पता | **इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर<br>चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर** |

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय ध्यान रखा जावे कि :–**

- EMD राशि (धरोहर राशि) केवल आनलाईन ही जमा की जावे।
- निविदाकार द्वारा ई–निविदा में आवश्यक दस्तावेजों को केवल ऑनलाईन ही अपलोड किए जावें।
- शर्त आधारित निविदायें निरस्त की जावेगी।
- उपरोक्त तिथियों में यदि शासकीय अवकाश घोषित होता है तो आगामी कार्यालयीन दिवस में ई–निविदा खोली जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर**

## परिशिष्ट – अ

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर के अन्तर्गत आने वाले मिनी डेयरी संयंत्र एवं दुग्ध शीतकेन्द्रों बडवानी, सेंधवा, झाबुआ, खरगौन, धार, बुरहानपुर, खण्डवा, देवास के संलग्न प्रपत्र अनुसार एवं इन्दौर शहर में स्थापित बूथ/पार्लर आदि स्थानों पर पेंटिंग डेंटिंग, सीट बदलना तथा दिवारे (वॉल) पर पुताई तथा लिखाई आदि कार्य के लिये प्रतिष्ठित एवं अनुभवी पार्टी से ई–निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है।

– संलग्न सूची में दर्शाये स्थानों पर किये जाने वाले कार्यो जैसे पेंटिंग डेंटिंग, सीट बदलना, लिखाई बदलना आदि कार्य।

## नियम एवं शर्ते

**I. निविदा प्रस्तुतिकरण :–**

1. ई–निविदा में निर्धारित धरोधर राशि एवं निविदा में चाही गई अन्य जानकारी ऑन–लाईन जमा की जाना है। सभी दस्तावेज केवल ऑनलाईन जमा किए जाए।
2. निविदाकर्ता को यह स्पष्ट करना होगा कि वह :–
   (अ) यदि पार्टनरशीप फर्म है और पार्टनर की हैसियत से हस्ताक्षर किये गये है तो ऐसा किये जाने हेतु उसे अधिकार पत्र अथवा पार्टनरशिप संबंधी दस्तावेज (deed) में इसका उल्लेख किया जाना होगा।
3. ई–निविदाकार को स्पष्ट रूप से ई–निविदा प्रपत्र में पता ई–मेल, दूरभाष नम्बर, मोबाईल नम्बर दिया जाना होगा। यदि पते में कोई परिवर्तन होता है तो इनकी सूचना तुरंत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर को दिया जाना होगा, ताकि परिवर्तित पते पर पत्राचार किया जा सके।
4. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के साथ प्रोपाराइटर/फर्म का पेन कार्ड, जीएसटी नम्बर, आधार कार्ड आवश्यक रूप से प्रपत्र के साथ निविदा में में ऑन–लाईन आपलोड करना अनिवार्य है।

**II. अमानत राशि :–**

1. निविदाकार को रूपये 84,000 (रू. चौरासी हजार मात्र) प्रत्येक जिले हेतु पृथक–पृथक दर्शित धरोहर राशि ऑन–लाईन जमा करना होगा। धरोहर राशि जमा करने के दस्तावेज के साथ ऑन–लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
2. प्रथम न्यूनतम दर प्रस्तुतकर्ता की जमा धरोहर राशि कार्य पूर्ण होने के छः माह उपरांत भुगतान की जावेगी, असफल निविदाकर्ताओं की धरोहर राशि निविदा खोलने की दिनांक से 30 कार्य दिवस में वापस की जावेगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
3. म.प्र. के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के व्यवसायियों को ई–निविदा मे प्रतिभूति राशि के भुगतान से छूट रहेगी परंतु M.S.M.E. (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) का पंजीयन प्रमाण पत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**III. अनुबंध :–**

1. कार्य आदेश प्राप्त होने के पश्चात रू. 1000 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादन करना होगा, यह स्थानों के चयन एवं उसकी स्वीकृति के अनुसार पृथक–पृथक होगा।

**IV. दर :–**

1. निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दर स्पष्ट एवं बाजार दर में परिवर्तन से परे होना चाहिये।
2. निविदा में दर प्रस्तुत करते समय यह स्पष्ट किया जाना होगा कि उक्त दरें समस्त कर एवं निर्माण की सामग्री तथा परिश्रमिक व्यय सहित है।
3. निर्माण कार्य में लगने वाले समस्त सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये।
4. निविदाकार द्वारा पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई तथा पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग की दरें पृथक–पृथक प्रस्तुत करनी होगी।
5. कार्य आदेश जारी होने के उपरांत कार्य आदेश में दर्शाये गये कार्यपूर्ण होने तक मान्य रहेगी। कार्य पूर्णता के दौरान बाजार दरों बढोत्री होने पर उक्त राशि निर्माणकर्ता को वहन करनी होगी अर्थात दुग्ध संघ के द्वारा कार्य आदेश में वर्णित कुल राशि के अतिरिक्त किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

**V. निरीक्षण :–**

1. वॉल/बूथ/पार्लर/अन्य पेंटिंग कार्य दुग्ध संघ द्वारा स्पष्ट किये गये मापदण्डों एवं गुणवत्ता के अनुसार होना चाहियें समस्त कार्य दुग्ध संघ के संबंधित अधिकारी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जाना होगा।
2. ई–निविदकर्ता वॉल/बूथ/पार्लर/अन्य पेंटिंग कार्य हेतु ई–निविदा प्रपत्र भरने से पूर्व दुग्ध संघ के संबंधित शाखा के अधिकारियों से डिजाइन एवं तकनीकी विवरण संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

**VI. समय–सीमा :–**

1. दुग्ध संघ के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे बूथ/पार्लर/अन्य पेंटिंग कार्य आदेश जारी होने के 30 दिवस के अन्दर पूर्ण कर दुग्ध संघ को रिपोर्ट किया जाना होगा।
2. ई–निविदाकर्ता द्वारा कार्य में विलम्ब किये जाने पर निम्नानुसार अर्थदण्ड निरूपित किया जायेगा :–

| क्र | विलम्ब की अवधि | परिनिर्धारित नुकसान (liquidated damage) |
|---|---|---|
| 01 | 1 से 15 दिवस तक | 1% |
| 02 | 16 से 30 दिवस तक | 2% |
| 03 | 31 से 45 दिवस तक | 3% |
| 04 | 46 से 60 दिवस तक | 5% |

3. दुग्ध संघ के द्वारा कार्यादेश जारी कर अनुबंध उपरांत उक्त कार्य नहीं किये जाने की स्थिति में निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई धरोहर राशि दुग्ध संघ के द्वारा राजसात की जावेगी, तथा निविदाकर्ता को कार्यक्षेत्र से पृथक किया जाकर काली सूची (Black Listed) में रखा जावेगा।

**VII. भुगतान :–**

1. देयकों का भुगतान देयक को सत्यापित होने के पश्चात ही किया जा सकेगा, देयकों का सत्यापन अधिकृत पर्यवेक्षक/अधिकारी से कराये जाने की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। देयक के साथ वास्तविक आकार का विवरण पृथक देना होगा, विवरण के साथ संबंधित पेंटिंग स्थल का सुस्पष्ट रंगीन फोटो मय एलबम के देना होगा, फोटो के नीचे स्थान का उल्लेख पृथक से हस्तलिपि में करना होगा, जिसके आधार पर देयक सत्यापित होगें।

**VIII.** प्रस्तावित पेंटिंग कार्य निर्धारित आकार में ही किया जावेगा, निर्धारित आकार से बड़ा बनाने पर प्रबंध द्वारा निर्धारित मान के अनुरूप ही भुगतान किया जावेगा।

**IX. अन्य :–**

1. ई–निविदा दर खोले जाने के पश्चात निविदाकार को ई–निविदा/दर भरने में हुई गलती के कारण निविदा वापस लेने का अधिकार नहीं होगा।
2. एक व्यक्ति/फर्म द्वारा केवल एक ही निविदा प्रस्तुत की जावे। न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदाकार कार्य आदेश प्रसारित किये जाने के उपरांत उक्त कार्य अन्य किसी निर्माणकर्ता को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है।
3. एक व्यक्ति/फर्म द्वारा एक से अधिक अलग–अलग नामों से प्रस्तुत निविदाऐं स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. निविदाकर्ता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के पृष्ठों पर हस्ताक्षर एवं मुहर लगाना होगा।
5. समस्त अथवा आंशिक रूप से प्राप्त किसी भी निविदा प्रपत्र को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर के पास सुरक्षित रहेगा। ई–निविदा प्रपत्र निरस्त किये जाने पर कारण बताये जाने हेतु वह बाध्य नहीं रहेगें।
6. निविदा प्रपत्र के नियम एवं शर्तों के पालन के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति के निराकरण के संबंध में अध्यक्ष इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा।
7. किसी भी विवाद हेतु कार्यक्षेत्र इन्दौर रहेगा एवं विवाद सहकारी न्यायालय में निपटाये जायेगें।

**X.** पेंटिंग कार्य में सादी व सीधी पेंटिंग, प्रस्तावित आर्टवर्क तथा हिन्दी, अंग्रेजी फान्ट शामिल होगें।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर**

## परिशिष्ट – ब

### –: बूथ/पार्लर डेंटिंग पेंटिंग कार्य का तकनीकी विवरण एवं अन्य शर्ते :–

1. पेंटिंग कार्य संघ कार्यक्षेत्र अन्तर्गत पार्लरों/डिपों स्थानों पर अनुमोदित आर्टवर्क के आधार पर बहुरंगीय में/एकल रंगों में अथवा निर्देशित रंगों के आधार पर करना होगा।
2. कार्य में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री जैसे प्राईमर पेंट (बेस पेंट), आदि ISI ब्राण्ड का होकर उच्च गुणवत्ता का ब्राण्डेड कम्पनी (एशियन/नैरोलॅक) का आईल पेंट/एनोमल आईल पेंट उपयोग करना होगा। पेंटिंग स्पष्ट ओर सुन्दर एवं आवश्यकता होने पर स्लाईड/स्टेंसिल का उपयोग भी किया जा सकेगा, परन्तु स्लाईड/स्टेंसिल में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
3. पेंटिंग पार्लर को अनुमोदित पेंटिंग करने के पूर्व सफेद बेसपेंट करना आवश्यक होगा, जिसके सुखने के पश्चात ही पेंटिंग करना होगी। पेंटिंग में सादी पेंटिंग, आर्टवर्क सहित पेंटिंग तथा हिन्दी/अंग्रेजी फॉन्ट युक्त पेंटिंग सम्मिलित रहेगी।
4. पेंटिंग की गुणवत्ता छः माह तक खराब/फेड नहीं होना चाहिये, यदि खराब होती है तो निःशुल्क रि–पेंट करवाया जावेगा, अन्यथा धरोहर राशि से उक्त कार्य करवाया जावेगा।
5. निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकार का दायित्व होगा कि वह उक्त कार्य स्वयं करेगा, अन्य किसी भी ठेकेदार को आवंटित कार्य हस्तांतरित नहीं कर सकेगें अथवा ऐसा पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से पेंटिंग/आर्ट वर्क ठेका निरस्त करते हुए जमा धरोहर राशि राजसात कर उस समय तक किये गये कार्य का देयक का भी भुगतान नहीं किया जावेगा।
6. पेंटिंग कार्य संघ द्वारा दिये गये आर्टवर्क अनुसार ही सुनिश्चित करना होगा, आर्टवर्क सुस्पष्ट होना आवश्यक है। आर्टवर्क अथवा उसके प्रारूप में कोई भी परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
7. पेंटिंग हेतु नियोजित किये जाने वाले कर्मियों को इन्दौर शहर अथवा शहर के बाहर वेतन भत्ते या अन्य किसी भी अन्य दायित्व के भुगतान की जिम्मेदारी निविदाकार की रहेगी। कार्य के दौरान किसी भी दुर्घटना की क्षतिपूर्ति हेतु दुग्ध संघ उत्तरदायी नहीं रहेगा।
8. कार्य की गुणवत्ता अथवा सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से कमी पाये जाने पर संघ के द्वारा आनुपातिक रूप से देयक राशि का कटोत्रा किया जावेगा।
9. बाहरी क्षेत्र जो दुग्ध संयंत्र/शीतकेन्द्र के विपणन बाजार अधीनस्थ आते है, उन क्षत्रों में किये गये पार्लर पेंटिंग कार्य को सबंधित दुग्ध संयंत्र, के प्रबंधक से सत्यापित करवाना होगा, तभी उन क्षेत्र में किये गये कार्य का भुगतान किया जावेगा।
10. पेंटिंग कार्य प्रबंध की आवश्यकता के आधार पर आदेशानुसार संपादित करना होगा।
11. किसी भी पार्लर पर की जाने वाली पेंटिंग स्थायी होना आवश्यक है जो कम से कम 6 माह रहेगी।
12. प्राप्त किसी भी ई–निविदा/समस्त ई–निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार किये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर के पास सुरक्षित हैं।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर**

**प्रपत्र – 03**

## परिशिष्ट – स

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.,**
**इन्दौर**

महोदय,

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकार का नाम / पता / दूरभाष क्रमांक / ई–मेल आई.डी. | |
| 02 | क्या निविदा स्वयं के नाम या साझेदारी / कम्पनी के नाम से भरा जा रहा है। | |
| 03 | साझेदारी / कम्पनी का है तो साझेदारी के नाम / पता / दूरभाष क्रमांक एवं ई–मेल आई.डी. | |
| 04 | निविदाकार स्वयं / साझेदारी / कम्पनी का पेन नम्बर / जी.एस.टी.नं. (प्रतिलिपि संलग्न करें) | |
| 05 | तीन वर्ष का समकक्ष कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (कार्य आदेश यदि हो तो, कार्य आदेश की प्रतिलिपि संलग्न करें) | |
| 06 | बैंक खाते का केंसिल चैक | |

(प्रत्येक निविदाकार उपरोक्त वांछित जानकारियॉ की प्रमाण पत्र की आवश्यकता रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें)

मैं........................................................ निवासी .............................................. के द्वारा सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त समस्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है।

दिनांक : ............................................................

**निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर**

प्रपत्र – 04

## परिशिष्ट – द
## वित्तीय बीड :–

**कार्यक्षेत्र एवं अन्य विवरण :–**

| क्र | कार्यक्षेत्र का नाम | पार्लर / डिपो की अनुमानित संख्या | कार्य का विवरण | प्रतिभूति राशि | दर प्रति स्क्वेयर फीट (जी.एस.टी. सहित) अंको में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्दौर शहर के लिए दरें | 77 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 25000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| 2 | धार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 07 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 3000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| 3 | झाबुआ–पेटलावद–अलीराजपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 65 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 20000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| 4 | बडवानी शहर / सेंधवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 05 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 3000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवंडेंटिंग | | |
| 5 | खण्डवा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 24 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 10000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| 6 | बुरहानपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 15 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 5000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| 7 | देवास शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 36 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 15000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| 8 | खरगौन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए दरें | 08 | पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई | 3000 | |
| | | | पार्लर रिपेयरिंग एवं डेंटिंग | | |
| | | **237** | | **84000** | |

हमारे द्वारा ई–निविदा के नियम एवं शर्ते पुरी तरह से पढ़ ली गई है, एवं तदानुसार पार्लर पेंटिंग एवं लिखाई तथा पार्लर रिपेयरिंग  एवं डेंटिंग की दरें पृथक–पृथक प्रस्तुत की गई है।

**हस्ताक्षर एवं मोहर**